निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण करने आयुक्त पहुंचे

भिलाईनगर। शासन की महत्वाकांक्षी योजना भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल परिसर का निर्माण नगर निगम भिलाई में नेशनल हाईवे के समीप अटल परिसर का भव्य निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का नक्शा सभी संभाग का अलग रंग में चिन्हण लाईट, बागवानी, फूलवारी, अटल जी की कविताओं का संगीतमय गायन के साथ बीच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 6 फीट आदम कद प्रतिमा लगायी जायेगी। जिसकी लागत राशि 50 लाख के लगभग है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय आज जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर निरीक्षण करने गये। वहां हो रहे निर्माण की पूरी जानकारी प्राप्त किये और पूरी गुणवत्ता के साथ समय अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किये। ततपश्चात गांधी विद्यापीठ राधिका नगर में सफाई व्यवस्था को देखे। वहां घर-घर जाकर निवासियो से स्वयं पूछे कि सफाई का रिक्शा आता है कि नहीं। नालियों की सफाई कितने दिनों में किया जाता है। आपके घरो से प्रतिदिन कचरे का उठाव हो रहा है या नहीं। साथ ही यह भी कहे की कचरा देने में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो संबंधित जोन के अधिकारी से बात कर समस्या का निराकरण शीध्र करावे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।